Internet Safety

1. व्यक्तिगत जानकारी जैसे अपना पता, मोबाइल नंबर, टेलीफोन नंबर, अपने माता या पिता के कार्यस्थल का पता /टेलीफोन नंबर, क्रेडिट व डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंक खातों का नाम/अकाउंट नंबर, स्कूल का पता आदि किसी को न दें| अगर यह जरूरी है तो पहले अपने माता-पिता की अनुमति लें|	1. Do not give out personal information such as your address, mobile number, parents' work address / telephone number, credit card, debit card, internet bank account or the name and location of your school without your parents' permission.
2. यदि आप किसी ईमेल/एसएमएस से प्राप्त संदेश से असहज महसूस कर रहें हो तो इस तरहके संदेश की सूचना अपने माता-पिता को तुरंत दें कि इसमे आपकी कोई गलती नहीं है|	2. Tell your parents right away if you come across any information that makes you feel uncomfortable. It is not your fault if you get a message like that.
3. इंटरनेट पर किसी को अपनी तस्वीर भेजने से पहले अपने माता पिता /अभिभावक की अनुमति लें|	3. Do not send your photograph to any one on the Net without initially checking with the parent or guardian.
4. इंटरनेट पर गंदे ईमेल, बुलेटिन बोर्ड आइटम या धमकी वाले संदेशों के जवाब न दे| अपने माता-पिता या अभिभावक को इसकी सूचना दें|	4. Do not respond to messages via email, SMS or bulletin board items that are dirty, threatening or mean.
5. अपने माता पिता/अभिभावक के जाँच के बिना वैसे किसी भी व्यक्ति से मिलने से परहेज करें जिससे आप ऑनलाइन मिले हो| अपने माता पिता के अनुमति से किसी सार्वजनिक स्थान में जाकर मिले या अपने माता / पिता के साथ मिलने को जाएँ|	5. Never agree to meet someone you 'met' online without first checking with your parents. If your parents agree to the meeting, make sure that it is in a public place and take your mother or father along.
6. आप ऑनलाइन होने के लिए नियम बना लें| दिन में समय तय कर लें कि आप कब से कब तक ऑनलाइन रहेंगे| जब आप ऑनलाइन हो तो समय का ध्यान रखें| केवल उचित वेबसाइटों पर ही ब्रोउसिंग (browsing) करें, अन्य वेबसाइटों में न जाएँ और नियमों का पालन करें|	6. Talk with your parents so that you can set up rules for going online. Decide upon the time of day that you can be online, the length of time you can be online, and appropriate sites for you to visit. Do not access other areas or break these rules.
7. अपने माता-पिता के अलावा अन्य किसी को भी अपने इंटरनेट पासवर्ड)ईमेल, बैंक खाता, फेसबुक, आर्कुट आदि (न दें चाहे वह आपके कोई खास मित्र ही क्यों न हो|	7. Do not give out your Internet password (email, bank account, facebook, twitter, orkut) to anyone (even your best friend) other than your parents.
माता पिता/ अभिभावक के लिए सुझाव:- (Internet safety tips for parents)	

1. आप इंटरनेट को एक वास्तविक स्थान के रूप में सोच सकते है| जब बच्चे बड़े हो रहे हो, तब वह अधिक से अधिक चीजों के बारे में जानने के लिए उत्सुक रहते हैं| इस मायने में इंटरनेट एक सही स्थान है| लेकिन इंटरनेटका उपयोग बच्चे कैसे कर रहे हैं, इसका ध्यान अवश्य रखना चाहिए| 2. कंप्यूटर को किसी ऐसे स्थान पर लगाएं जहाँ से आप अपने बच्चो को आसानी से गाइड कर सकें कि इन्टरनेट का किस तरह से उपयोग करें|	1. Think of the Internet as a real place. As your child grows, he or she will go more places and do more things independently. The Internet is another one of those places. It is reasonable for you to know where your child is going on the Internet and who he or she is hanging out with on the Internet. 2. Keep the computer in a place where you can easily guide your child as he or she uses the Internet.
3. इंटरनेट उपयोग के लिए स्पष्ट नियम और उचित दिशा-निर्देश निर्धारित करें| सुनिश्चित करें कि परिवार के सभी लोग इन नियमों को कंप्यूटर के पास लिख कर रखें|	3. Set clear rules and reasonable guidelines for Internet use. Make sure everyone in the family knows the rules and keep them written down near the computer.
4. बच्चों को यह याद दिलाएं कि व्यक्तिगत जानकारी, डिजिटल तस्वीरें, या क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल आपकी अनुमति के बिना न किया करें|	4. Remind your child not to share personal information, digital pictures, or credit card information online without your permission.
5. उन वेब साइटों का एक लॉग बनाये जिसमें आप या आपके बच्चो ने व्यक्तिगत जानकारी दे रखी है| लॉग में साइट का नाम, पता, तारीख तथा उपयोगकर्ता के नाम और पासवर् डजो आप उन वेब साइटों के लिए प्रयोग किये हैं, शामिल होना चाहिए|	5. Keep a log of the web sites to which you and your child have given personal information. The log should include the site name, the address, the date you gave the information, and the user name and password you used for that web site.
6. ऑनलाइन जानकारी के लिए केवल विश्वसनीय स्रोत को ही सुनिश्चित करें. वैसे ही किसी पर भरोसा न कर लें| हो सकता है कि प्राप्त जानकारियां सही न हो| सावधान रहें|	6. Remember the saying "everything you read is not true". Anyone can develop a web site and may include incorrect information on their site. Be very careful about trusting the information you read online make sure it is from a reliable source.
7. वास्तविक दुनिया और ऑनलाइन दुनिया में बहुत अंतर है, ऑनलाइन दुनिया में यदि कोई संपर्क कर आपसे /बच्चे से मिलना चाहता है तो सतर्क रहें|	7. People may pretend to be different than they really are in the anonymous online world. If you decide to arrange a meeting with someone you or your child has had contact with online, take every precaution.
8. वैसे ई-मेल, फाइल, या वेबपृष्ठ को न खोलें जो किसी अनजान व्यक्ति द्वारा भेजी गयी हो या आप जिसे नहीं जानते हो. अक्सर वायरस इनके साथ संलग्न होते हैं जो सेप्रेषित होकर आपके कंप्यूटर या फ़ाइलों को नुकसान पहुंचा सकते हैं|	8. Don't open e-mails, files, or web pages sent to you from people you do not know. Often, viruses are transmitted through these attachments and may damage your computer files if opened.
9. यदि आप लगता है कि आपके बच्चे या किसी अन्य के बच्चे खतरे में है तो निसंकोच अपने स्थानीय पुलिस विभाग के अधिकारियों से संपर्क करें|	9. If you become worried that your child or another child is in danger, don't hesitate to contact the authorities, such as your local police department.
10. अपने बच्चे के साथ इंटरनेट का प्रयोग करें| बच्चे को प्रोत्साहित करें कि वो आपको बताये कि उसने कैसे सर्फिंग किया, गानों को डाउनलोड कैसे किया, चैट-रूम, त्वरित संदेश इस्तेमाल कैसे किया, या एक वेब साइट का निर्माण कैसे होता है|	10. Use the Internet with your child. Encourage your child to show you what he or she knows what to do online, whether it's surfing sites, downloading music files, entering chat rooms, instant messaging friends, or developing a website.
पासवर्ड (सांकेतिक शब्द)सुरक्षा [Password Security]:	
अच्छे पासवर्ड के लिए कम से कम 8 वर्ण और अंक का इस्तेमाल करें|	Use at least eight characters.
मिश्रित शब्द (वर्ण/अंक के साथ विशेष संकेत) का उपयोग करें जैसे ILsP@#21	Mix alphabets with special character and numbers. eg. ILsP@#2
अपने पासवर्ड को किसी और के साथ साझा न करें|	Do not share it with anyone.
सोशल नेटवर्किंग साईट [Social Networking Sites]:	
सिर्फ और सिर्फ उसी मित्र से जुड़े जिसे आप जानते हों|	Add friends only whom you know.
यदि आप सार्वजनिक/ किसी दूसरे के कंप्यूटर से फेसबुक जैसे किसी सोशल नेटवर्किंग साईट पर लॉग-इन हैं तो उसे इस्तेमाल के बाद लॉग-आउट करना न भूलें|	Log out of Facebook after using a public / someone else's computer.
किसी भी निजी जानकारी को सार्वजनिक न करें|	Don't disclose any personal information for public viewing.

क्रेडिट /डेबिट कार्ड [Credit / Debit Card]:	
क्रेडिट/डेबिट कार्ड के को किसी और के साथ साझा न करें|	Don't share credit/debit card with anyone.
क्रेडिट/डेबिट कार्ड के सीवीवी (CVV) नंबर को किसी और के साथ साझा न करें|	Don't disclose the CVV number with anyone.
साइबर कैफे या किसी छोटे दुकानों पर क्रेडिट/डेबिट कार्ड का उपयोग करने से परहेज करें|	Avoid using credit / debit card at cyber cafe and small shops.